दिनांक–12.07.2024 समय–7.10एएम

प्रादेषिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :–

- चारधाम तीर्थयात्री अब ई–स्वास्थ्य धाम पोर्टल पर अब बना सकेंगे अपना आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता– आभा।
- "इन्वेस्ट मध्य प्रदेश–ग्लोबल इन्वेस्टर समिट" को लेकर कल मुंबई में आयोजित होगा पहला सत्र।
- मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने सभी विधानसभाओं में आगामी 4 वर्षों में समग्र विकास के लिए विजन डॉक्यूमेंट तैयार करने का दिया निर्देष।
- भोपाल समेत प्रदेश के कई हिस्सों में तेज बारिश का दौर थम गया है।

चारधाम यात्रा

चारधाम तीर्थयात्री अब ई–स्वास्थ्य धाम पोर्टल पर अपना आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता– आभा बना सकते हैं। उत्तराखंड सरकार के स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग ने ई–स्वास्थ्य धाम पोर्टल शुरू किया है। इस पोर्टल से यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ की एक साथ यात्रा करने वाले तीर्थयात्रियों के स्वास्थ्य मापदंडों की निगरानी में मदद मिलेगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक विज्ञप्ति में कहा कि ई–स्वास्थ्य धाम पोर्टल तीर्थयात्रियों को आभा सहित कई लाभ प्रदान करता है। तीर्थयात्री पोर्टल पर आसानी से अपना 14–अंकीय आभा खाता बना सकते हैं। अब तक, 65 करोड़ से अधिक आभा खाते बनाए जा चुके हैं। आभा के कई लाभ हैं, जिनमें नागरिकों के स्वास्थ्य रिकॉर्ड का संग्रह और प्रबंधन शामिल है।

इन्वेस्ट–मध्यप्रदेश

प्रदेश में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए 2025 को "उद्योग वर्ष" घोषित किया गया है। इसी दिशा में अगले साल फरवरी में राजधानी भोपाल में "इन्वेस्ट मध्य प्रदेश–ग्लोबल इन्वेस्टर समिट" का आयोजन प्रस्तावित है। जीआईएस–2025 समिट का उद्देश्य निवेशकों को राज्य की क्षमताओं, प्रचुर संसाधनों एवं अनुकूल औद्योगिक वातावरण से अवगत कर  निवेश के लिए प्रदेश को आदर्श राज्य के रूप में स्थापित करना और देश के अग्रणी राज्यों में शामिल करना है। जीआईएस को सफल बनाने के लिए औद्योगिक नीति और निवेश प्रोत्साहन विभाग द्वारा मध्य प्रदेश में निवेश के अवसरों, संसाधनों पर देश के विभिन्न शहरों में इन्टरेक्टिव सेशन आयोजित किए जा रहे हैं। देश की वित्तीय राजधानी मुंबई में इस तरह का पहला सत्र कल आयोजित किया जाएगा। इसमें मुंबई कई प्रमुख व्यावसायिक संगठनों/कंपनियों के प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है। सत्र में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि प्रदेष में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में औद्योगिक विकास को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न रणनीतियों, योजनाओं के माध्यम से सकारात्मक वातावरण मजबूत बनाने का निरंतर प्रयास किया जा रहा है।

गांव की बेटी योजना–प्रदेष

उच्च शिक्षा विभाग ने शैक्षणिक सत्र 2023–24 में दाखिला लेने वाली छात्राओं के लिए "गाँव की बेटी योजना" और "प्रतिभा किरण योजना" के अंतर्गत आवेदन की प्रकिया षुरू कर दी है। इसके लिए राज्य छात्रवृत्ति पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन किया जा सकता है। छात्राएं "गाँव की बेटी योजना" और "प्रतिभा किरण योजना" के अंतर्गत 20 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगी। उच्च शिक्षा विभाग के विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी आरके गोस्वामी ने कल बताया कि विभाग से संबद्ध विश्वविद्यालय और महाविद्यालय सभी प्राचार्यों को इस बारे में सूचना दे दी गई है।

उपमुख्यमंत्री–रीवा

उप–मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कल रीवा में 3 हज़ार 167 प्राथमिक शिक्षकों को प्रथम एवं द्वितीय क्रमोन्नति के आदेश के प्रमाण–पत्र दिए। उन्होंने रीवा में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मार्तण्ड क्रमांक–एक में नवनिर्मित प्रवेश द्वार का लोकार्पण भी किया। उप–मुख्यमंत्री ने विद्यालय परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। समारोह में अध्यापक शिक्षक संघ संयुक्त मोर्चा ने उप–मुख्यमंत्री को गजमाला, स्मृति–चिन्ह तथा मानपत्र देकर सम्मानित किया।

कोयला–सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से साउथ इस्टर्न कोल फील्ड लिमिटेड के सीएमडी डॉ. प्रेम सागर मिश्रा ने कल मंत्रालय में भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने एसईसीएल द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की और प्रदेश में कोयला खनन के क्षेत्र में राज्य शासन की ओर से हर संभव सहयोग करने का आश्वासन दिया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव को सीएमडी डॉ. मिश्रा ने राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में प्रदेश की कोयला खदानों के योगदान के संबंध में अवगत कराया। मिश्रा ने कहा कि प्रदेश के कोयलांचल में वन एवं पर्यावरण संरक्षण के उद्देश्य से एसईसीएल ने मध्यप्रदेश वन विकास निगम के साथ अगले 5 वर्षों में 12 लाख पौधे लगाने के लिए समझौता किया है।

सीएम–विधायक चर्चा–प्रदेष

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सभी विधानसभाओं में आगामी 4 वर्षों में समग्र विकास के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र का विजन डॉक्यूमेंट तैयार करें। लक्ष्य प्राप्ति के लिए समय–सीमा और जिम्मेदारियां निर्धारित की जाएं। मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में भोपाल और नर्मदापुरम संभाग के विधायकों की कल हुई बैठक में डॉ यादव ने कहा कि विजन प्लान विधायक, जिला कलेक्टर, विभागीय अधिकारी और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से तैयार किया जाएगा। डॉक्यूमेंट में शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, स्वच्छता, बुनियादी ढांचे और अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में सुधार करके क्षेत्र के नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने पर फोकस किया जाए। एक जिला एक उत्पाद योजना से रोजगार के अवसर प्रदान करने को भी शामिल करें।

विभागों द्वारा लगभग 2 लाख पदों पर भर्तियाँ की जाएंगी, इस संबंध में युवाओं को जानकारी और प्रशिक्षण देकर आवेदन प्रक्रिया में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाए। बैठक में सांसद व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा, मंत्रीगण, विधायक और वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

उप चुनाव–छिंदवाड़ा

छिन्दवाड़ा जिले की विधानसभा सीट अमरवाड़ा में हुए उपचुनाव की मतगणना कल की जाएगी। उपचुनाव में कुल 78.71 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। उपचुनाव में कुल 9 प्रत्याशी मैदान में हैं, जिसमें कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए कमलेश शाह और कांग्रेस के धीरेन शाह के बीच मुख्य मुकाबला है।

मौसम

राजधानी भोपाल समेत प्रदेश के कई हिस्सों में तेज बारिश का दौर थम गया है। हालांकि प्रदेश के पूर्वी हिस्से के 12 जिलों में बारिश दर्ज की गई। जबकि पश्चिमी हिस्से में सिर्फ दो जिले बैतूल–गुना में हल्की बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुसार, पिछले चौबीस घंटों के दौरान नीमच, गुना, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, मुरैना, रीवा, मऊगंज, सतना, छतरपुर, टीकमगढ़, निवाड़ी और मैहर जिलों कहीं–कहीं तेज बारिष हुई। वहीं, भोपाल, विदिशा, रायसेन, सिहोर, राजगढ़, बुरहानपुर, खंडवा, खरगौन, बड़वानी, अलिराजपुर, झाबुआ, शाजापुर, आगरमालवा, मंदसौर, अशोकनगर, भिंड, सिंगरौली, सीधी, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी और जबलपुर जिलों में कहीं–कहीं बारिष हुई है। मौसम विभाग ने आज नर्मदापुरम, बैतूल, हरदा, धार, इंदौर, रतलाम, उज्जैन, देवास, डिंडोरी, नरसिंहपुर, छिन्दवाड़ा, सिवनी, मंडला, पांढुर्णा जिला में बारिष की संभावना जताई है। मौसम विभाग ने आज नमी और लोकल सिस्टम की वजह से शिवपुरी, अशोकनगर, पन्ना, सतना, रीवा, मैहर, सागर, बैतूल जिलों में कहीं–कहीं तेज बारिश की चेतावनी दी है।

क्रिकेट–भारत–श्रीलंका

श्रीलंका क्रिकेट ने भारतीय टीम के आगामी दौरे के लिए विवरण जारी किया है। भारतीय पुरुष टीम व्हाइट बॉल दौरे के लिए इस महीने की 22 तारीख को श्रीलंका जाएगी। इस दौरान टीम तीन मैचों की टी20 ई श्रृंखला और तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला में भाग लेगी।

समाचार संक्षेप में .....

- इंदौर के शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024–25 के लिए प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। इस महाविद्यालय में अनेक रोजगारमूलक डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में छात्राओं को प्रवेश मिलेगा।
- राज्यपाल मंगूभाई पटेल आज इंदौर के दौर पर रहेंगे। वे यहाँ 13वीं इन्टरनेशनल हेरिटेज टूरिज्म कॉन्क्लेव में शामिल होंगे।
- झाबुआ के डॉ एपीजे अब्दुल कलाम कॉलेज में रविवार को वृहद स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जाएगा।

- आयुष विभाग खंडवा द्वारा महिला बाल विकास विभाग की आगंनवाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से हरसूद ब्लॉक के मांडला गांव में मलेरिया औषधी का निःशुल्क वितरण किया जाएगा।
- मंदसौर  के पुलिस अधिक्षक समेत पुलिस कर्मियों ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधा रोपण किया। इस दौरान पुलिस विभाग में डेढ़ हजार पौधे लगाए गए।
- रायसेन में भी पुलिस विभाग द्वारा जिला मुख्यालय सहित सम्पूर्ण जिले में स्थित थाना परिसरों में पुलिसकर्मियों द्वारा पौधरोपण किया गया।
- खरगोन में आगामी 18 जुलाई को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति 'दिशा' की बैठक सांसद गजेन्द्र सिंह पटेल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में होगी।

……………………………